हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024



12 छठे दिन भी जारी रही भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग



12 कबड्डी में राजस्थान को हरा हरियाणा बना चैंपियन

**खबर संक्षेप**

### अवैध पिस्तौल सहित एक काबू

**तोशाम।** पुलिस ने तोशाम में सागवान मार्ग पर गांव डाडम निवासी युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी को अवैध देशी पिस्तौल सहित काबू कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को बुधवार दोपहर मुखबिरी के आधार पर सूचना मिली कि डाडम निवासी युवक सागवान मार्ग पर कॉलेज के नजदीक कहीं जाने की फिराक में खड़ा है जो अवैध हथियार लिए हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की तो युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो युवक की पहचान गांव डाडम निवासी राहुल के रूप में हुई।

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर महिला व पुरुष को ठगा

**बहल।** पुलिस साइबर सेल व बैंकिग सेक्टर द्वारा लोगों को लगातार साबइर क्त्राइम से बचने के लिए जागरूक किए जाने के बावजूद लोगों से धोखाधड़ी रूकने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में बहल क्षेत्र के दो लोग साइबर ठगी के शिकार हुए है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फूले जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के उपलक्ष्य में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा रक्तदान शिविर छह अप्रैल को सुबह नौ बजे चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित किया जाएगा। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि शिविर में बतौर मुख्यतिथि वार्ड नंबर-25 से पार्षद विनोद प्रजापति व पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि रक्तदान को न केवल महादान, बल्कि जीवनदान कहा गया है, क्योंकि रक्तदाता के रक्त का एक अंश किसी परिवार का वंश बचा सकता है।

### 29 वर्षीय महिला दो बच्चों सहित लापता

**तोशाम।** गांव बिडोला में 42 वर्षीय महिला तथा तोशाम में 29 वर्षीय शादीशुदा महिला अपने दो बच्चों सहित घर से बिना बताए लापता हो गई, जिसकी शिकायत बिडोला निवासी लापता महिला के पुत्र तथा तोशाम निवासी लापता महिला के पति ने पुलिस को दी है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों महिलाओं की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव बिडोला निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी 42 वर्षीय मां गत 31 मार्च को दोपहर करीबन तीन बजे घर से बिना बताए लापता हो गई। वहीं तोशाम निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी 29 वर्षीय पत्नी गत 31 मार्च को सुबह करीबन 11 बजे अपने पुत्र व पुत्री सहित घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसने अपनी पत्नी व बच्चों की हरसंभव जगह तलाश कर ली, लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को देकर पुलिस से उनका पता लगाने की गुहार लगाई है।

## मांगों को लेकर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# दो घंटे का विरोध प्रदर्शन करके भिवानी डिपो महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बस स्टैंड परिसर में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया । जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल फौजी और रोडवेज कर्मचारी यूनियन डिपो प्रधान विजेंद्र मिताथल ने की । संचालन डिपो सचिव अनिल नागर व राजकुमार तालु ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ नरेंद्र दिनोद और उपमहासचिव पवन शर्मा ने बताया कि करनाल में हिसार सेंट्रल वर्कशॉप में इंजन मरम्मत कार्य पंप कार्य वह टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे में एक कमेटी का गठन किया गया गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मानकर खर्च अधिक होने की आदेश के कारण दोनों वर्कशॉप वर्कशॉप को बंद करने की सिफारिश करने जा रही है जिसका सांझा मोर्चा विभाग हित में विरोध करता है क्योंकि दोनों वर्कशॉप में कार्य कुशलता व गुणवता बहुत अच्छी है। जो किसी प्राइवेट कंपनी से कहीं बेहतर है इन दोनों वर्कशॉप में लगी मशीनों को अपग्रेड भी किया जा सकता है जिससे बस -6 की बसों का कार्य भी करवाया जा सकता है। एचआरसी गुड़गांव बॉडी क्षेत्र से नई 500 बसों की बद्दी निर्मित ना करवा करके किसी अन्य प्राइवेट कंपनी में बसों की बॉडी निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही है । रोडवेज विभाग द्वारा पिछले समय से 1000 बसों की बॉडी अन्य कंपनी से निर्मित करवाई थी । भ्त्म्ब के मुकाबले में इन प्राइवेट कंपनी से निर्मित बसों की बॉडी की तुलना की जाए तो एचआरसी से निर्मित बसों की बॉडी कहीं बेहतर है। दूसरी ओर सरकार ने रोडवेज विभाग की तरफ से एक पत्र जारी कर दिया है कि चालक पर परिचालको का रात्रि ठहराव ब केवल 10 रात्रि ठहराव किया गया है । यह निर्णय विभाग हित में नहीं है क्योंकि सभी डिपो में सभी मार्गोर् अनुसार स्टाफ उपलब्ध नहीं है । जिन मार्गोर् पर स्टाफ उपलब्ध नहीं है और रात्रि ठहराव के बाद इन रात्रि ठहराव मार्ग से चालक परिचालक को हटाया गया तो इन मार्गोर् पर रात्रि ठहराव पर चलने के लिए स्टाफ उपलब्ध नए होने के कारण यह मार्ग बंद हो जाएंगे जिससे विभाग को राजस्व के रूप में नुकसान होगा और आम जनता छात्र.छात्राओं को परिवहन सेवा से वंचित होगी। अगर सरकार ने मांग नही मानी तो कोई भी बड़ा आंदोलन हो सकता है जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। इस मौके पर राजेश शर्मा, सुरेन्द्र टोडा ढाणी,मनोज ककरौली , दिलबाग लांबा, कुलदीप, सुरेश सुई,सोनू प्रजापत ,गुलशन,प्रदीप यादव, गुलाब, प्रवीन गोयत, विकास क्लर्क,सुरेश बड़ेसरा, प्रदीप प्रेमनगर, सीटू आदि कई रोडवेज कर्मचारी मौजूद थे।





भिवानी। लंबित मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए व बवानीखेड़ा में सीवरेज व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अनाज मंडी एशोसिएशन की सांकेतिक हड़ताल

अनाज मंडी एशोसिएशन व हरियाणा व्यापार मंडल द्वारा आज गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर भिवानी अनाज मंडी खरीद स्थल पर दो घण्टे का सांकेतिक धरना दिया गया और रोष स्वरूप नारेबाजी भी की गई। इस दौरान उनका कहना था कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो 7 अप्रैल को एक बैठक की जाएगी जिसमें अहम फैसला लेकर राज्यस्तरीय प्रदर्शन किए जाएंगे। अनाज मंडी एशोसिएशन व हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव एसोसिएशन ने कहा प्रदेश सरकार आढ़तियों को खत्म करना चाहती है। इसलिए आढ़तियों को दरकिनार कर सरसों सहित कई फसलों की सीधी खरीद कर रही है। सरसों सहित अन्य फसलों पर आढ़तियों को मात्र 46 रुपये कमीशन दिया जा रहा है जबकि आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए। जबकि पिछले चार वर्षोर् से सरकार द्वारा गेहूं पर 46 रुपये रुपये फिक्स आढ़त दी जा रही है जो की बहुत कम है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि 2.5 प्रतिशत आढ़त मिलनी चाहिए नहीं तो आगामी 7 अप्रैल को बैठक कर प्रदेश स्तरीय आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।

### सीवरेज व्यवस्था को लेकर पार्षद मीना चौपड़ा ने सौंपा ज्ञापन

बवानीखेड़ा कस्बे में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाए जाने की मांग को लेकर नपा पार्षद मीना चौपड़ा ने पब्लिक हेल्थ के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षद मीना चौपड़ा ने बताया कि कस्बे की अधिकांश गलियों में सीवरेज का पानी गली व सडकों पर फैल रहा है। जिसकी वजह से लोगों का वहां से निकलना दूभर हो गया है। जिस पर कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि वे जल्द ही सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाएंगे। पार्षद मीना चौपड़ा ने बताया कि सीवरेज ब्लॉक होने की वजह से घरों से निकलने वाला पानी गलियो में ही फैल रहा है। सफाई न होने की वजह से सीवर के मेन होल से गंदा पानी उगल रहा है। जिसके चलते अनेक वाडारे् के लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से शिकायत की गई,लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी इस समस्या का समाधान नहीं किया गय तो वे आंदोलन की राह पकडने पर मजबूर होंगे।

### आम चुनाव में गलत सूचना से सक्रिय रूप से निपटने को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लांच

- ये एक वन स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है

**भिवानी।** चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरवार को आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लांच किया है, ये एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि ये पहल चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए ईसीआई के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर कई जगहों पर गलत सूचना एवं झूठी कहानियों के प्रसार को देखते हुए निर्वाचन आयोग का ये प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारी मिले। उन्होंने बताया कि चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म का उपयोग जानकारी को सत्यापित करने, गलत सूचना के प्रसार को रोकने, मिथक जानकारियों को दूर करने एवं आम चुनाव 2024 के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में सूचित करने को किया जाएगा।

## सीएम फ्लाइंग ने हरी लकड़ियों से भरी 12 गाड़ियां पकड़ी

- सात गाड़ियों पर तीन लाख 64 हजार रुपये लगाया जुर्माना
- सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई से क्षेत्र के आरा मालिकों व लकड़ी सप्लायरों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को सुबह तोशाम में आरा मशीनों पर हरी लकड़ी सप्लाई करने वाले गाड़ी व ट्रैक्टर सहित कुल 12 वाहनों को जब्त किया। सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई से क्षेत्र के आरा मिल मालिकों व लकड़ी सप्लायरों में हडकंप मच गया। वीरवार को सुबह सीएम फ्लाइंग व वन विभाग की टीम ने तोशाम-जुई मार्ग पर छापामारा, जिसमें हरी लकड़ियों से भरी गाड़ी व ट्रैक्टर सहित कुल 12 गाड़ियों को अपने कब्जे में लिया। टीम ने सात गाड़ियों पर तीन लाख 64 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और पांच गाड़ी मालिक मौके से भाग गए, जिनके आने पर ही जुर्माना लगाया जाएगा।



**तोशाम।** सीएम फ्लाइंग द्वारा पकड़ी गई हरी लकड़ियों से भरी गाड़िया।

उल्लेखनीय हैं कि सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि तोशाम में प्रतिदिन हरी लकड़ियां आरा मशीनों पर बेची जाती हैं। सरकार की हिदायतों अनुसार हरी लकड़ियों को काट कर बेचा नहीं जा सकता। कुछ व्यक्ति खेतों से हरी लकड़ियां काटकर सरकार के आदेश की अवहेलना करते हुए तोशाम में लकड़ी बेच रहे हैं। सीएम फ्लाइंग ने तोशाम में छापेमारी कार्रवाई कर हरी लकड़ियों से भरी कुल 12 गाड़ियों को मौके से काबू किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के उपनिरीक्षक राजबीर सिंह के नेतृत्व में रोहतक की टीम में मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार व वन विभाग भिवानी से जयपाल रेंज अधिकारी, रविन्द्र, बलवान, विशाल, राजकुमार आदि शामिल रहे।

## वार्ड संख्या दो के उपभोक्ताओं की पीआईडी की त्रुटियों को किया दूर

- पीआईडी की त्रुटियों को दूर करवाने के लिए लगाए जाएंगे शिविर : संदीप यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को वार्ड संख्या के दो उपभोक्ताओं की पीआईडी में आई त्रुटियों को दूर करने के लिए पार्षद संदीप यादव की अगुवाई में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड के सभी लोगों को बुलाया गया। जिस भी व्यक्ति की सम्पति के नाम व अन्य तथ्यों में कोई त्रुटि हो तो उसको तत्काल दूर करवाया गया। ताकि भविष्य में किसी तरह की प्रोपर्टी के नाम व अन्य तथ्यों में कोई छेड़खानी न हो पाए। आयोजित शिविर में 80 लोगों की प्रोपर्टी आईडी में आईर त्रुटियों को नगरपरिषद के कर्मचारियों को दुरुस्त करवाया गया। इस मौके पर पार्षद संदीप यादव ने बताया कि इसी तरह शुक्रवार को सेक्टर 13 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद सुभाष तंवर, एमई सुरेंद्र सांगवान ,अशोक सांगवान, संदीप, नरेश, सहदेव, जगदीप यादव, राकेश पंवार, महेंद्र सोनी आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** शिविर में पीआईडी दुरुस्त करते नप कर्मचारी।

## सीपीआई (एम) भाजपा को हराने को इन्डिया गठबंधन को बनाएगी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का दो दिन का राज्य प्रशिक्षण शिविर शहीद भगत सिंह यादगार भवन में आयोजित किया, जिसमें राज्य के अलग अलग हिस्सों से पांच दर्जन से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। पार्टी के राष्ट्रीय नेता कृष्ण प्रसाद, राज्य सचिव कामरेड सुरेन्द्र मलिक व राज्य सचिव मंडल सदस्य डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पार्टी के कार्यक्रम,वर्तमान राजनीतिक लाईन, वर्तमान अन्तरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय आर्थिक व राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में कारपोरेट साम्प्रदायिक गठजोड़ की सरकार है, जिसका गठजोड़ साम्राज्यवाद से है।



भिवानी ।सीपी आई (एम) की बैठक को संबोधित करते कामरेड डॉ. इंद्रजीत सिंह।

## पैकिंग के काम का झांसा दे एक लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव काकड़ौली सरदारा निवासी एक व्यक्ति के साथ पैन.पेंसिल पैकिंग का काम देने का झांसा देकर एक लाख 5 हजार 550 रुपये का फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाइ्र की मांग की है। जिसके आधार पर साइबर क्त्राइम थाना पुलिस ने बीती देर रात केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। फिर उसने कहा कि माल की होम डिलीवरी नहीं हो रही है इसलिए मेरे खाते में 8500 रुपये और डालो मैने वो भी डाल दिए । फिर उसने कहा कि 8000 और डालो फिर माल की होम डिलीवरी होगी मैने 8000 रुपये और डाल दिए । फिर उसने कहा कि माल की ळैज् लगेगी इसलिए 11500 रुपये और डालो मैंने उसके कहे अनुसार 11500 रुपये भी डाल दिए । रामबिलास ने बताया कि उसने इसी तरह झांसे में लेकर किसी न किसी तरह के बहाने बनाकर अलग.अलग करके कुल 105550 का उसने फ्रॉड किया है । उसने चरखी दादरी साइबर क्त्राइम थाना पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने व उसके रूपये वापिस दिलाने की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने बीती रात धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चरखी दादरी साइबर क्राइम पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस को दी शिकायत में गांव काकड़ौली सरदारा निवासी रामबिलास ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। बीते एक अप्रैल को उसके पास एक फोन आया जिसमें सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह दिल्ली के महालक्ष्मी बाग से संदीप बोल रहा है। पेन.पेंसिल का काम है। आपको 650 रुपये मेरे बैंक खाते में डालने होंगे । जिसमे 600 रुपये आपके वापिस मिल जाएंगे व 50 रुपये आपके ज्वाइनिंग के कटेंगे । रामबिलास ने बताया कि मैंने उसको सच मानकर उसके दिए हुए मोबाइल नंबर पर 650 रुपये फ ोन पे कर दिए । उसने बाद में कहा कि आपके पास एक बिजनेस कोड आएगा ।

# भिवानी में नहीं पकड़ रहा चुनावी सियासी पारा रफ्तार

- बीजेपी, जजपा की बैठकों का दौर, कांग्रेस में नहीं है अभी कोई चुनावी शौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश को तीन- तीन सीएम देने वाला दक्षिणी हरियाणा(भिवानी) में राजनीति सियासी पारे ने रफ्तार ही नहीं पकड़ी है। क्योंकि भाजपा व जजपा ने अपने अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार दिए है,लेकिन अभी कांग्रेस में उम्मीदवार का चयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस के उम्मीदवारी का नाम अभी पैनल की सूची में ही उलझा हुआ है। जिसके चलते भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा का चुनावी सरगर्मी तेजी नहीं पकड़ पा रही है।

हालांकि भाजपा व जजपा ने अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में बैठकों का दौर शुरू कर दिया है,लेकिन अभी कांग्रेस समर्थकों की निगांहे अपने उम्मीदवार के नाम चयन पर टिकी है। कांग्रेस का उम्मीदवार का चयन होने के बाद ही चुनावी माहौल में कुछ गरमाहट आएगी।

### बीजेपी व जजपा की चुनावी बैठकों का दौर

भाजपा ने अपने उम्मीदवार चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करवाए जाने को लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। उम्मीदवार धर्मबीर सिंह भी अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से बातचीत कर रहे है। वही भाजपा की पन्ना प्रमुख से लेकर मंत्री तक अपने उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे है। यही स्थिति जजपा की बनी है। जजपा ने अपने उम्मीदवार राव बहादुर सिंह को साथ लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। उनके पक्ष में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व विधायिका नैना चौटाला भी प्रचार व प्रसार में जनता के बीच पहुंच रही है।

**कार्रवाई** | मर्जी से मंडी चलाने पर सीएम फ्लाइंग टीम ने रेड कर किया जुर्माना

# बिना अनुमति के खाली जगह पर डलवाई जा रही थी सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग टीम ने वीरवार को बाढ़ड़ा में बिना अनुमति के खाली जगह पर डाली गई सरसों को पकड़ा है। टीम द्वारा इस पर कार्रवाई करते हुए 21953 रुपये जुर्माना किया गया है। टीम की इस तरह की कार्रवाई के बाद आढ़तियों व हैंडलिंग एजेंटों में हड़कम्प मच गया। आपकी जानकारी के लिए बता दे की सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बाढ़ड़ा में कस्बे से बाहर जुई रोड़ पर अनाज मंडी से करीब एक किलोमीटर दूर खाली पड़े प्लाटों में आढ़ती द्वारा बिना किसी अनुमति के अवैध तरीके से किसानों की सरसों डलवाई जा रही है। सूचना के आधार पर रोहतक इकाई सीएम फ्लाइंग टीम से उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, मार्केट कमेटी से सहायक सचिव विकास कुमार और चरखी दादरी गुप्तचर विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से रेड की।



**बाढड़ा।** खाली पड़े प्लाटों में डाली गई सरसों व मौके पर पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम

इस दौरान वहां पर काफी मात्रा में सरसों मिली। यह सरसों मंडी में आने वाले कुछ किसानों से डलवाई गई थी और इस संबंध में कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इस प्रकार अवैध रूप से मंडी से बाहर सरसों डलवाए जाने पर मार्केट कमेटी की टीम द्वारा 21953 रुपये जुर्माना किया गया है। उल्लेखनीय है कि अनेक जगहों पर किसानों से खरीदी गई सरसों को शैडों की बजाए रेतीली जमीन पर डलवाया जा रहा है। जिससे सरसों की गुणवता तो खराब होगी ही साथ में सरसों में रेत आदि भी मिल जाएगा। ऐसे में रेतीली मिट्टी पर फसलों की ढेरी बनवाना बेहद गलत है। सरसों या अन्य फसलों की सरकारी खरीद पर पहले मार्केट कमेटी जगह का मुआयना करती है। जगह सही होने के बाद ही उस जगह पर फसल की ढेरी बनवाए जाने की अनुमति देती है। अधिकतर मार्केट कमेटी अनाजमंडी या सरकारी भूमि पर बनाए गए शैडों में फसलें डालने की प्रमीशन देती है।

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां



सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?

अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक

नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवईं हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
-सोनी, हिसार

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-अभिजीत, डोंगरगढ़



**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-अर्नव, भोपाल

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-मुकुल, भिलाई

अवेयरनेस
अनुराग मनींद्र

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ







हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।




**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।



**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।

**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं। इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे- क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

## शब्द पहेली

विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।

'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

उत्तर- सूरज, सुंदर, सुगंध, सूरजमुखी, सुहाना, सुरीली, सूख, सुफल, सुलेख, सूप

## रंग भरो-147

**रंग भरो-147** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रोहतक



अराध्य, बिलासपुर



अंकित, धमतरी



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा



सुयश, बिलासपुर

## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?




उत्तर : Aराजू

## खबर संक्षेप



### पिता की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

**भिवानी।** बवानीखेड़ा नगर पालिका के पूर्व प्रधान स्वर्गीय मदनलाल मेहता की पुण्यतिथि पर उनके पार्षद बेटे पंकज महता ने जगदीश, ओमप्रकाश, जग्गी, सोम मित्तल के साथ मिलकर पौधरोपण किया। पार्षद पंकज ने बताया कि उनके पिता हमेशा समाजसेवा के लिए अग्रणी रहते थे और जरुरतमंदों के लिए अनेक कार्य किए है। उन्होंने कहा कि उनके पिता पर्यावरण प्रेमी थे, उनकी पुण्यतिथि पर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया हैं।



### गजल, रंगोली व फोटो ग्राफी में जीता दूसरा स्थान

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के विद्यार्थी खेल शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। इसी कड़ी में पंजाब के लुधियाना की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 28 मार्च से एक अप्रैल तक चले महोत्सव में सीबीएलयू की टीम ने कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के नेतृत्व, कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह व डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर सुरेश मलिक के संयोजन में भाग लिया।

### आचार संहिता की पालना हर हाल में होगी सुनिश्चित

**चरखी दादरी।** आदर्श आचार संहिता की पालना कराने में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। सभी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं को आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर ही अपना काम करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि फेसबुक और ट्विटर सहित सभी सोशल मीडिया साइटों को चुनाव आयोग द्वारा पहले ही आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

### लालचंद को सर्वसम्ममति से बना गया प्रधान

**भिवानी।** पतराम गेट स्थित जांगिड़ ब्राह्मण धर्मशाला की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जांगिड़ समाज की बैठक हुई। बैठक में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में लालचंद जांगिड़ को प्रधान, सुंदरलाल जांगिड़ को उपप्रधान, नरेश कुमार जांगिड़ को महासचिव, हितेंद्र जांगिड़ को सहसचिव, शंकरलाल जांगिड़ को कोषाध्यक्ष मनोनित किया।

### नौ को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा हिंदु नववर्ष

**भिवानी।** दिनोद रोड स्थित पंचायती विकास धर्मशाला में सुधार समिति शास्त्री नगर के तत्वावधान में लाइन पार नागरिकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुधार समिति के फाउंडर मेंबर कृष्ण सिंह परमार ने की तथा संचालन रोहतास वर्मा ने किया।

## अनुशासन, लगन एवं कड़ी मेहनत से पाठ्यक्रम पूर्ण करें विद्यार्थी: भारद्वाज

# हवन के साथ द ऑकवुड स्कूल में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

द ऑकवुड स्कूल में वीरवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हवन के साथ की गई। इस दौरान सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डालकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नया दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व कार्ड वितरित करके सम्मानित किया। नया दाखिला लेने वाले बच्चों का परिचय स्टाफ सदस्यों से करवाया। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन, लग्न एवं कड़ी मेहनत के साथ अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करना चाहिए, जिससे प्रतिस्पर्धात्मक युग में वे एक सम्मानजनक स्थान पर पहुंचकर देश एवं समाज के प्रति दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन कर सके। प्राचार्य भारद्वाज ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को सन्मार्ग पर चलने तथा अनुशासन पूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करें तथा समय-समय पर स्कूल में आकर बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लें, ताकि बच्चें अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से नए सत्र की शुरूआत करने का उद्देश्य है,



**भिवानी।** हवन में आहुति डालते प्रबधंक दिनेश सिंह, विक्रम राणा, मानवेंद्र,प्राचार्य सज्जन, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### बजीणा पीएमश्री विद्यालय में स्टाफ ने हवन आहुतियां डालकर मांगी मन्नतें



**भिवानी।** गांव बजीणा स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर तिलक लगाकर व फूल-मालाएं पहनाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें नए शैक्षणिक सत्र में और भी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। हवन में स्कूल स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने आहुति डाली। इसके उपरांत 9वीं व 11वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। वहीं बीते दिनों जिला स्तरीय एनएसएस कैंप में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रभारी शैलेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को पूरी मेहनत एवं लग्न से पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वे भविष्य में एक सभ्य नागरिक बनकर समाज व राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर किरण, जितेंद्र, सुमेर सिंह, रमेश, संजय,अजय,अनिल शर्मा, रामअवतार, मंजू बाला, सुनीता देवी, सीमा, मुनेश, सरला, रिचा, ज्योति, प्रिंस, विजय, धर्मेंद्र पीटीआई, विनोद क्लर्क, रवि, रामनाथ, एसएमसी प्रधान मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### केक कटवाकर बच्चों का किया अभिनंदन

*भिवानी। केएम पब्लिक स्कूल में सत्र का पहला दिन प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया। शैक्षिक सत्र के प्रथम दिन बच्चे बड़े जोश एवं उत्साह के साथ निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में बच्चों का स्वागत प्रवेश द्वार पर अध्यापिकाओं ने तिलक लगा व रिबन कटवाकर किया। बच्चों को प्रार्थना सभा में ले जाया गया व दैनिक गतिविधि के बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए नृत्य व एरोबिक व्यायाम करवाया,ताकि बच्चे विद्यालय में असहज महसूस न करें। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी ने स्टाफ के साथ किया।*

### हवन के साथ केआर स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र शुरू



**भिवानी।** घोसियान चौक स्थित केआर पब्लिक स्कूल में वीरवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया। हवन में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने आहुतियां दी तथा विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया, जिसमें कामना की कि मां शारदा सबको बुद्धि, विभिन्न कलाएं दें। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रबधंक संजय शर्मा व बाबूराम गोयल ने कहा कि किसी अच्छे कार्य की शुरूआत में पहले ईश्वर की स्तुति करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है, इसी उद्देश्य के साथ हवन के साथ नए सत्र की शुरूआत हुई है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था एवं आत्मबल की स्थापना तथा सद्विचारों को जागृत करना है।



**भिवानी।** पौधरोपण करते पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला व अन्य।

# महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर रोपे पौधे

- पौधरोपण से ही पर्यावरण असंतुलन को किया जा सकता संतुलित : जेई जावला
- महात्मा फूले की जीवनगाथा से अवगत करवाना सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के उपलक्ष्य में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसके तहत वीरवार को महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला ने दादरी रोड पर एक त्रिवेणी सहित 11 पौधे रोपित कर महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन किया। आएगा। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी कार्यक्रम पर पौधरोपण जैसी सराहनीय मुहिम को अपनाना चाहिए, ताकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से अनियंत्रित हुए पर्यावरण को नियंत्रित किया जा सकें। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों में जिले व प्रदेश को गौरवांवित करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान के अलावा सामाजिक संदेश देने वाले कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया जा सकें। इस अवसर पर विकास, संदीप, विनोद, संजय, राम सिंह आदि रहे।

### झांसा देकर महिला के खाते से 31500 रुपये उड़ाए

*लोहारू। उपमंडल के गांव बड़दुज धीरजा की एक महिला को झांसा देकर एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला के खाते से 31 हजार 500 रुपये की राशि की ठगी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बड़दु धीरजा निवासी रविना ने बताया कि उसके मोबाइल पर किसी व्यक्ति का फोन आया कि गलती से 31500 रुपये आपके खाते में डल गए हैं। जिस पर महिला ने 31 हजार 500 रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी। बाद में महिला को पता कि उसके साथ तो धोखाधड़ी हो गई है। जिस पर महिला ने इसकी शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दी है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।*

# अंधता को मिटाने में डेरा सच्चा सौदा की अहम भूमिका

- अंधता अभिशाप को मिटाने में अहम भूमिका निभा रहे नेत्रदान समिति के जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संसार को देखने के लिए आंखें ही वह माध्यम है, जिनसे मनुष्य देख पाने में सक्षम होता है। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग है, जो किन्ही कारणों से देख नहीं पाते, इसी अंधता को संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से डेरा सच्चा सौदा की आई डोनेशन समिति अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान से जोड़कर मिटाने का कार्य कर रही है। इसी दिशा में भिवानी डेरा सच्चा सौदा की आई डोनेशन समिति देश की अग्रणीय समितियों में है, जिन्होंने आई डोनेशन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। जो मरणोपरांत लोगों का नेत्रदान करवाकर अंधेरी जिंदगियों को रोशन करने का काम करते है। संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से जिले की आई डोनेशन समिति के जिम्मेवार मनीष इन्सां अपने साथी पंकज इन्सां व मनोज इन्सां की टीम के साथ डेरा प्रेमियों की मदद से कार्य को अंजाम देते है। उन्होंने वर्ष 2008 से 2024 तक 79 नेत्रदान करवाने का रिकॉर्ड बनाया है, जो डेरा सच्चा सौदा द्वारा विश्वभर में चल रही नेत्रदान समितियों में अग्रणीय है।

# भारत में रोजगार की पार संभावनाएं : दधीचि

- सीबीएलयू के अंग्रेजी विभाग में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

रिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सीबीएलयू में व्याख्यान देते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। विस्तार व्याख्यान के लिए कुरुक्षेत्र के वरिष्ट आचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार दधीचि को आमंत्रित किया। व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट की तैयारी के विषय पर विस्तार से बताया गया। छात्रों को सक्षात्कार के एस डब्ल्यूओ सी-ताकत, कमजोरियां, संभावना और चुनौतियां को विस्तार से समझाया। वर्तमान समय मे कम्युनिकेशन स्किल्स का महत्व बताते हुए उन्हें वाक्पटुता और ज्ञान दोनो मे महारत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर दधीचि ने छात्रों को एक ऐसा रोजगार अपनाने को कहा जो न केवल उनकी रुचि के अनुसार हो, बल्कि वर्तमान समय मे भी उसकी मांग हो। छात्रों को अपनी रुचि खोजने के लिए और चुनौतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भारत में रोजगार की आपार संभावनाएं है, बस उन्हें लकीर का फकीर बनने से बचना होगा एवं नए दौर में नई संभावनाओं की ओर ध्यान देना होगा। विभाग अध्यक्ष डॉ. स्नेहलता शर्मा ने बताया कि विस्तार व्याख्यान से हम सभी लाभान्वित हुए है। प्रोफेसर दिनेश कुमार दधिची की दक्षता न केवल जाने माने लेखक के रूप में है, बल्कि वे साहित्य अकादमी के मनोनित सदस्य भी हैं। डॉ दधीचि ने अपनी स्वरचित पुस्तक /"पछुआ बनी पुरवाई/" कुलपति एवं कुलसचिव को भेंट की। इस मौके पर डॉ. अभिषेक चंदेल, डॉ. निधी बुरा, नीरज व सुरबिंद्र सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### तीन लोगों से की ऑनलाइन धोखाधड़ी

**तोशाम।** तोशाम क्षेत्र के गांव दूल्हेड़ी, कैरू तथा धारवानबास निवासी 3 व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करके हजारों रुपए ठग लिए। जिसकी शिकायत पीड़ित तीनों व्यक्तियों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव दूल्हेड़ी निवासी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके गत 20 जनवरी को उसके क्रेडिट कार्ड से आधा घंटे के अंदर 48769 रुपए ठग लिए। वहीं कैरू निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रायपुर में ट्रांसपोर्ट का काम करता है गत 19 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके उसके खाते से 49901 रुपए निकल लिए।

# श्रीमहंत अशोक ने रखी मां शाकम्भरी मंदिर की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव बांस रानीला में मोरवाला मोड़ पर आदिशक्ति मां शाकम्भरी के बनने वाले मंदिर का शिलान्यास श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज और आचार्य माईजी महाराज ने मंत्रों उच्चारणों के साथ किया। मंदिर के भूमि पूजन के लिए किए यज्ञ में पूर्ण आहूति महंत वेदनाथ महाराज ने डाली। इस अवसर पर सभी साधु-संतों ने अपना आशीर्वाद दिया। श्रीमहंत डॉ. अशोक ने मंदिर के संस्थापक कार्तिक गिरि महाराज को कार्य के लिए साधुवाद एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कलयुग में धर्म से जुड़ने एवं धर्म के



**भिवानी।** मां शाकम्भरी मंदिर की आधारशिला रखते श्रीमहंत अशोक गिरि।

साथ चलने की आवश्यकता है। मानव का धार्मिक होने से समाज में भाईचारा बढ़ता है और राष्ट्र की अखंडता सुरक्षित रहती है। आचार्य माईजी महाराज ने कहा कि शाकम्भरी देवी मां आदिशक्ति जगदम्बा का एक सौम्य अवतार हैं, ये मां ही वैष्णो देवी, चामुंडा, कांगड़ा वाली, ज्वाला, चिंतपूर्णी , कामाख्या, शिवालिक पर्वत वासिनी, चंडी, बाला सुंदरी, मनसा, नैना व शताक्षी देवी कहलाती है। नौ देवियों मे मां शाकम्भरी देवी का स्वरूप सर्वाधिक करूणामय एवं ममतामयी मां का है। जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने मंगल कामना की और पावन कार्य के लिए गांववासियों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पूर्ण सिंह, विनोद, राजबीरसिंह, विष्णु सिंह, रामपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, प्रवीण सिंह, कपिल सिंह, सुखबीर सिंह व रामबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### विज्ञापन के लिए लेनी होगी अनुमति

**चरखी दादरी ।** लोकसभा चुनाव प्रचार से संबंधित विज्ञापनों की स्वीकृति के लिए उम्मीदवार या पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा भरकर आवेदन करना होगा। विज्ञापन की स्वीकृति के बाद ही चुनाव प्रचार संबंधी विज्ञापनों का प्रकाशन या प्रसारण किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा विज्ञापनों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए एक प्रोफार्मा निर्धारित किया हुआ है। इस प्रोफार्मा को भरकर कोई भी पार्टी या उम्मीदवार चुनाव प्रचार के विज्ञापन की स्वीकृति के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रोफार्मा में आवेदक संबंधी पूरा ब्यौरा भरा जाता है। इसके अलावा आवेदन में विज्ञापन के बारे में भी विस्तृत जानकारी भरी होती है।

# जनता भाजपा को हराकर इंडिया गठबंधन को जिताने का बना चुकी मनः तनवीर

- कांग्रेस घोषणा पत्र के जरिए मनरेगा मजदूरों को 150 दिन काम दिलाने का करेंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता तनवीर सिंह ने वीरवार को कमल भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा के विरुद्ध बदलाव की लहर चल रही है। जनता भाजपा को हराकर इंडिया गठबंधन को जिताने का मन बना चुकी, क्योंकि मौजूदा सरकार ने किए वादों को अमलीजामा नहीं पहनाया। ये सरकार न किसानों की आय डबल कर पाई, न गरीब को मकान मिला और न महंगाई से राहत मिली। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता आधारभूत मुद्दों को ध्यान में रखते हुए वोट करेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर मनरेगा मजदूरों को 150 दिन काम दिलाने का प्रयास करेंगे तथा इसे असंगठित कामगार एवं कर्मचारियों के लिए कांग्रेस घोषणा पत्र में शामिल भी करवाएंगे।

# सीजेएम ने जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम-कम-सचिव कपिल राठी ने जिला कारागार एवं सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राठी ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम ने निरीक्षण के दौरान कैदियों-हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। उन्होंने जेल की बैरकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक व जेल अस्पताल का



**भिवानी।** जेल का औचक निरीक्षण करते सीजेएम राठी। फोटो :हरिभूमि

निरीक्षण किया। इसके अलावा जेल के कीचन और तैयार भोजन का जायजा लिया। साथ ही जेल अधिकारियों को खाना पकाने में साफ-सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण के सचिव कपिल राठी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया और वहां पर साफ-सफाई, रहन-सहन, पीने के पानी की व्यवस्था, भोजनालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस के युगल जोड़ों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सेवा के बारे में विस्तार से बताया।

**दिए निर्देश** — निरीक्षण के दौरान आश्रम के बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र की व्यवस्था देखी

# सेशन जज अग्रवाल ने किया बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल, प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम कपिल राठी व जेएमआईसी डॉ. ज्योति ने बाल सेवा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम द्वारा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सेशन जज ने आश्रम के बच्चो का हालचाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधक से आश्रम की विस्तार से जानकारी ली।



भिवानी। बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण करते सेशन जज दीपक अग्रवाल।

सेशन जज अग्रवाल ने आश्रम का निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण व उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। सेशन जज ने आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन देने व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय व शयन कक्ष की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सेशन कोर्ट सुप्रिडेंट डॉ. प्रमिंद्र सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति सदस्य, बाल सेवा आश्रम का स्टाफ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**भिवानी।** राजकीय कन्या वमा विद्यालय खरककलां के प्रांगण में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रार्थना सभा में प्राचार्या डॉ. रीमा परमार ने सभी छात्राओं को मत के सही उपयोग की जानकारी दी और बताया कि सभी छात्राएं अपने परिवारजनों को जाकर समझाएं कि वे किसी के बहकावे में आकर वोट न दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हमारे मत का विशेष महत्व होता है, बड़े सोच समझकर हमें अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### बूथ लेवल तक किया कार्यकर्ताओं को प्रेरित

**बहल।** भाजपा संगठन द्वारा आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस मनाने के लिए बूथ लेवल तक कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बहल मंडल के शक्ति केन्द्र प्रमुख व शक्ति केन्द्र सहप्रमुखों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन पदाधिकारियों से स्थापना दिवस के लिए हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए प्रेरित किया।

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**तोशाम।** गांव सरल स्थित जेबीडीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एवं स्पेशल स्कूल के संस्था निदेशक सुनील सूरा ने अपने बेटे सचिन का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। सचिन ने कहा कि दिव्यांग समाज का ही अंग है, इनको समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हमें अपनी खुशी इनके साथ सांझा करनी चाहिए और उन्हें अवसर भी प्रदान करने चाहिए, जिससे ये खुद को अकेला महसूस न करें, बल्कि गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को टॉफी, चॉकलेट, मिठाइयां आदि खाने की सामग्री बांटी। इस अवसर पर सुशील वर्मा, नरेश शर्मा, मोहिनी चौधरी आदि रहे।

### गजानंद बने पंचायती राज प्रकोष्ठ का संयोजक

**बहल।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व जिला संयोजकों की नियुक्ति की गई है। बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल को भिवानी जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर बहल क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है और भाजपा नेताओं का जताया है। गजानंद अग्रवाल ने भाजपा पंचायती राज के प्रदेश संयोजक हुक्मचंद यादवए सीएम नायब इक्ससह सैनीए वित्त मंत्री जेपी दलालए प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बुडौली, डॉ. अर्चना गुप्ता, सुरेन्द्र पुनिया, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ. पवन सैनी सहित अन्य नेताओं का अपनी नियुक्ति के लिए आभार जताया है। वहीं, भाजपा मंडल प्रधान सुनील शर्मा, विधानसभा संयोजक सुनील सिरसी, किसान प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अजय बिधनोई आदि रहे।

# एसएसटी टीमों की जिले में अवैध शराब एवं नकदी पर सख्ती, वाहनों की छानबीन के लिए लगाए गए 14 नाके

- 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी पर देना होगा राशि का ब्यौरा



डीसी नरेश नरवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आप अपने किसी भी वाहन में 50 हजार रुपये से अधिक राशि या सोना-चांदी साथ लेकर कहीं जा रहे हैं तो उसका ब्यौरा भी आपको मालूम होना चाहिए। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ढंग से निपटाने को लेकर एसएसटी टीमों द्वारा पूरी सख्ती बरती जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार जिलेभर में 14 जगहों पर नाके लगाए जा रहे हैं, जहां पर एसएसटी टीमें पुलिसबल के साथ वाहनों की गहनता से छानबीन कर रही हैं। चैकिंग के दौरान किसी गाड़ी में 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशि, महंगा गिफ्ट आईटम व सोना-चांदी मिली तो वाहन चालक को पूरा हिसाब-किताब नहीं देना होगा और नहीं दे पाने पर एसएसटी टीम पैसे व सामान का तुरंत सीज कर कार्रवाई करेगी। उन्होंने बतायसा कि लोकसभा आम चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के मद्देनजर जिले में 14 स्थानों पर नाके लगाए गए हैं।

लोहारू विधानसभा क्षेत्र में सिवानी राजगढ़ रोड पर गांव झुप्पा में, गुरेरा सैनीवास रोड पर ढ़ाणी सीलावाली में, बहल-राजगढ़ रोड पर सुधीवास में, लोहारू-सुरजगढ़ रोड पर, बहल-पिलानी रोड पर नांगल में, बरालू-छपार रोड पर दमकोरा में व लोहारू-पिलानी रोड पर लोहारू में नाका लगाया गया है। भिवानी विस क्षेत्र में कितलाना चौक पर कितलाना मोड़ पर नाका लगाया है। वहीं तोशाम विस क्षेत्र में तोशाम-हिसार रोड पर खानक में, जुई-भिवानी रोड पर लोहानी में नाका लगाया है। बवानीखेड़ा विस क्षेत्र में भिवानी-हांसी रोड पर सुंदर कैनाल पर, खरककलां में, भिवानी-तोशाम रोड पर गांव सागवन तथा महम रोड पर चांग में पैट्रोल पंप पर नाका लगाया गया है।

### की जा रही वाहनों की गहनता से जांच

आदर्श चुनाव आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिले में अवैध शराब, नशे से संबंधित अन्य वस्तुओं व नकदी के प्रयोग पर नजर रखने के लिए जिला में स्टेटिक सर्विलेंस टीम(एसएसटी) का गठन किया है, जो चुनाव के दौरान निर्धारित नाकों पर वाहनों की चैकिंग करेगी। चैकिंग के दौरान अगर किसी गाड़ी में 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशि हो, 10 हजार रुपये से अधिक राशि का गिफ्ट आईटम व सोना-चांदी मिलती है और टीम के अधिकारियों को उक्त राशि एवं गिफ्ट आईटम पर संदेह होता है तो वह उसे तुरंत सीज करेगी और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### अवैध बिक्री प्रशासन की पैनी नजर

लोकसभा चुनाव में जिले में शराब की अवैध रूप से बिक्री एवं वाहनों में नकदी पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। वाहनों की चैकिंग के दौरान अवैध शराब, 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी या महंगे गिफ्ट आईटम मिलते हैं तो एसएसटी टीम तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करेगी और इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं, यदि किसी नागरिक को कहीं पर अवैध शराब की बिक्री करने, मतदाताओं को प्रभावित करने को पैसे बांटने की सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके।

**- नरेश नरवाल, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी भिवानी।**

## सभी प्रतिभागी टीम बड़े जोश एवं उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे

# छठे दिन भी जारी रही भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग

- बवानीखेड़ा फाईटर्स ने लोहारू लाईंस को तथा सिवानी चैलेंजर्स ने दादरी डेविल्स को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव रेवाड़ीखेड़ा के ठाकुर आजाद सिंह खेल स्टेडियम में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा रणजी खिलाड़ी स्व. अमित वशिष्ठ की याद में 16 दिवसीय भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान सभी प्रतिभागी टीम बड़े जोश एवं उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में वीरवार को छठे दिन भी यह प्रतियोगिता जारी रही। पहले मैच का टॉस विजय कुमार टीटू ने करवाया तथा दूसरे मैच का टॉस फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने करवाया। मैच के परिणामों की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वीरवार को पहला मैच बवानीखेड़ा फाईटर्स और लोहारू लाईंस के बीच हुआ। बवानीखेड़ा फाईटर्स ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और लोहारू लाईंस की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 50 रन 32 गेंदों में विनोद भॉकर ने बनाए। बवानीखेड़ा की गेंदबाजी में 2.2 सुनील और अजीत ने विकेट ली। लोहारू लाईंस ने 20 ऑवरों में 148 रन 9 विकेट देकर बनाए। बवानीखेड़ा फाईटर्स ने 18.2 ऑवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया। उनकी तरफ से सर्वाधिक 49 गेंदों में 81 रन आशीष ने बनाए और नरेश तंवर ने 41 गेंदों में 41 रन बनाए तथा मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ दि मैच आशीष तंवर रहे। लोहारू लाईंस की गेंदबाजी में नवीन कुमार ने 4 विकेट चटकाए। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि दूसरा मैच दादरी डेविल्स और सिवानी चैलेंजर्स के बीच हुआ। सिवानी चैलेंजर्स ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दादरी डेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इनकी ओर से कुलदीप चेला ने 58 रन व संदीप ने 40 रन बनाए। गेंदबाजी में सिवानी की ओर से 3.3 विकेट सुमित शर्मा व रमेश राघव ने ली। स्कोर का पीछा करते हुए सिवानी की तरफ से अजय राठौड़ ने सर्वाधिक 37 गेंदों में 60 रन बनाए और कर्ण रावत ने 35 बॉल में 55 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीता। शर्मा ने बताया कि बुधवार को 5वें दिन को दूसरा मैच बाढड़ा बुल्स और कमांड वारियर्स के बीच हुआ। कमांड वारियर्स ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बाढड़ा बुल्स ने बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए। शशी ने सर्वाधिक 26 रनए बिन्नी ने 25 रन तथा मनदीप और सोमवीर ने 9 विकेट के लिए मात्र 11 गेंदों में 30 रन जोड़े। कमांड वारियर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 96 स्कोर पर ऑल आऊट हो गई। सर्वाधिक सुमित ने 18 रन बनाए। विपिन ने 14 रन बनाए। बाढड़ा बुल्स ने 35 रन से मैच जीत लिया।



भिवानी। पदक विजेताओं का अभिनंदन करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

### नेपाल के कुनाल बने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज 495 मुक्केबाजों ने लिया भाग

- ऑल इंडिया अजीत सिवाच मैमोरियल बॉक्सिंग कप का आयोजन

**भिवानी।** विद्या नगर स्थित अजीत बॉक्सिंग क्लब में तीन दिवसीय चौथा ऑल इंडिया अजीत सिवाच मैमोरियल बॉक्सिंग कप का आयोजन किया, जिसमें 495 मुक्केबाजों ने भाग लिया। कप में पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कप के सफल आयोजन की अर्जुन अवार्डी ओलंपियन एवं एसीपी अखिल कुमार व पूनम बैनीवाल ने शुभकामनाएं दी। क्लब के कोच नवीन बल्हारा फ्रुटी ने बताया कि नेपाल के मुक्केबाज कुनाल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज घोषित किया गया हैं। इस अवसर पर क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, सुनील लीला, सरपंच आशीष बैनीवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, डॉ. मनफुल ग्रेवाल, अजय सुहाग, राजेश मिड्ढा, श्याम सारसर, सरपंच कुलदीप चाहर, ओमबीर बैनिवाल, सतवेन्द्र सांगवान, अंतरराष्ट्री कबड्डी खिलाड़ी सोमबीर सिवाच, जितेन्द्र बैनिवाल, पहलवान सुभाष अहलावत, अंतरराष्ट्री मुक्केबाज प्रवीण लीली आदि खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



भिवानी। एनएसयूआई की छात्रहित पंचायत के लिए रवाना होते विद्यार्थी।

# एनएसयूआई की छात्रहित पंचायत के लिए युवाओं का जत्था रवाना

- सरकार ने रोजगार उपलब्ध न करवाकर युवाओं के भविष्य पर किया प्रहार : लांग्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भाजपा शासनकाल में पिछले साढ़े नौ वर्षो से हर वर्ग की अनदेखी हुई है, जिसमें सबसे अधिक मार विद्यार्थी वर्ग पर पड़ी है। भाजपा सरकार ने विद्यार्थियों को हर अधिकार व सुविधा से महरूम रखा। एक तरफ एससी-बीसी वर्ग के विद्यार्थियों छात्रवृत्ति रोककर उन्हें शिक्षा के अधिकार वे वंचित रखा गया तो रोजगार के अवसर उपलब्ध न करवाकर युवाओं को रोजगार के अधिकार से वंचित रखा गया है। विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई द्वारा छात्र पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है।

पंचायत के माध्यम से छात्रों की समस्याओं का करवाया जाएगा। ये बात एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने वीरवार को रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1 सामने वेव्स गार्डन में आयोजित एनएसयूआई की छात्र हित पंचायत में युवाओं के जत्थे के साथ रवाना करते हुए कही। उन्होंने बताया कि पंचायत में मुख्यतिथि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा व विशिष्ट अतिथि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव पहुंचेंगे तथा विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनेंगे। इस अवसर पर प्रवीण बूरा, प्यारे, प्रिंस, अमन बामला, अरविंद, अमित घुसकानी, चांद तिगड़ाना, सीनू, राहुल सिहाग, अंकित भिवानी, सागर, लक्की, नरेंद्र, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

# लोहारू में लोगों को भाया सरकारी स्कूल का नामांकन प्रचार अभियान

- अध्यापक कमल शर्मा ने वेशभूषा बदल किया प्रचार, लोगों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

नए शैक्षणिक सत्र के लिए निजी विद्यालयों के साथ साथ सरकारी विद्यालयों के स्टाफ का भी प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। गुरूवार को लोहारू शहर में सरकारी विद्यालय के नामांकन अभियान की हर कोई सराहना करता दिखाई दिया। दरअसल राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के विज्ञान अध्यापक कमल शर्मा ने नामांकन अभियान के लिए अपनी वेशभूषा ही बदल डाली। शर्मा सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं को पैंट और शर्ट पर विभिन्न रंगों से अंकित कर तथा हाथों व पैरों में पट्टिकाएं टांककर शहर में प्रचार अभियान में निकल पड़े। अभियान में बीईओ विजय प्रभा और सरकारी विद्यालयों के स्टाफ सदस्य भी शामिल रहे। प्रचार की शहर के अनेक लोगों ने सराहना की। बता दें कि सरकारी और निजी विद्यालयों में इन दिनों नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन चल रहा है।



लोहारू। नए अंदाज में नामांकन अभियान के लिए प्रचार करते कमल शर्मा, बीईओ विजय प्रभा व स्टाफ सदस्य।

### मॉडल स्कूल और पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास लग रही

उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूल और पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। विजय प्रभा ने बताया कि शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल प्राचार्यो को प्रत्येक कक्षा में 10 फीसदी विद्यार्थी संख्या बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। इस दौरान बबीता पीटीआई, राजेश कुमारी, प्राचार्य सुरेश शर्मा, राजेश कुमार, प्रवेश कुमार, संजय सैनी, राजवंती, अरवीन कुमारी अभियान में साथ रही और नामांकन के लिए प्रचार किया।

### सरकारी स्कूलों में निर्धारित आय वाले परिवार के बच्चों को मिल रही किताबें, ड्रेस व खाना

बीईओ विजय प्रभा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षित स्टाफ होने के साथ अनेक सुविधाएं विद्यार्थियों को दी जाती है। निर्धारित आय वाले परिवार के बच्चों को किताबे, स्कूल ड्रेस तक मुहैया करवाई जाती है और दोपहर का भोजन भी दिया जाता है। कमल ने अपना ड्रेस कोड और स्वरूप बदलकर लोहारू बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पुराना शहर की गली मोहल्लों में माइक की धुन के साथ मॉडल संस्कृति विद्यालय, पीएमश्री कन्या वमा स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला चुंगी नम्बर 7, राप्रापा बस्ती तथा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में नामांकन के लिए लोगों को प्रेरित किया।

# कबड्डी में राजस्थान को हरा हरियाणा बना चैंपियन

- मैच के शुरू से दोनों टीमों के बीच अंक बटोरने के लिए कशमकश चलती रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

म्हारी छोरियां छोरे तै कम है के वाली कहावत लगातार तीसरी बार सिद्ध कर दिखाई हरियाणा की बालिका कबड्डी टीम ने 33वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब एक बार फिर हरियाणा ने जीत लिया है। बिहार राज्य के पटना स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में बुधवार यानी 3 अप्रैल को संपन्न इस चैंपिनयशिप के फाइनल में हरियाणा ने कड़े मुकाबले में राजस्थान को 35.33 से पराजित किया। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले बिहार राज्य कबड्डी संघ की मेजबानी में 31 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित 33वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला हरियाणा और राजस्थान के बीच खेला गया। मैच के शुरू से दोनों टीमों के बीच अंक बटोरने के लिए कश्मकश चलती रही। पहले हाफ में हरियाणा की टीम 20.13 से आगे थी। दूसरे हाफ में राजस्थान की टीम ने वापसी की और एक समय ऐसा जब मुकाबला 30.30 की बराबरी पर आ गयाए लेकिन सूझबूझ से खेलते हुए हरियाणा ने आखिर में इस मुकाबले में 35.33 से जीत हासिल कर ली। जानकारी देते हुए एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव नसीब जांघू ने बताया कि इससे पहले सेमीफाइनल में हरियाणा ने गोवा को 31.24 जबकि राजस्थान ने उत्तराखंड को 52.33 से हरा कर फाइनल का टिकट पाया। इस चैंपिनयशिप की विजेता हरियाणा की टीम रही जबकि राजस्थान उपविजेता बना।



चरखी दादरी। विजेता टीम के साथ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव के दौरान बल्क एसएमएस भेजना गैर कानूनी

- आपत्तिजनक एसएमएस चुनाव विधि के विभिन्न प्रावधानों व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना

**चरखी दादरी।** चुनाव प्रक्रिया के दौरान शॉर्ट मैसेज सर्विसिज का दुरूपयोग करना गैर कानूनी है और ऐसा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि कुछ लोग अपने निहित स्वार्थो् की पूर्ति के लिए चुनाव के समय में आपत्तिजनक एसएमएस प्रेषित कर देते हैं जिससे की स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक एसएमएस चुनाव विधि के विभिन्न प्रावधानों व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अगर किसी के मोबाइल पर किसी राजनीतिक दल अथवा लोकसभा उम्मीदवार द्वारा इस प्रकार का एसएमएस प्राप्त होता है तो उसकी शिकायत पुलिस को करें। पुलिस इस आधार पर जांच करेगी कि आपत्तिजनक एसएमएस का ओरिजनल सैंडर कौन है। ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 और चुनाव नियम 1961 के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रचार समयावधि के अनुसार थोक में एसएमएस भेजने की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर को मिलती है तो यह मामला मुख्य चुनाव अधिकारी के नोटिस में लाया जाएगा।



भिवानी। बैठक में मौजूद हरियाणा जागृति मोर्चा की लीगल सेल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हर व्यक्ति को अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलिः भुक्कल

**भिवानी।** गुरुवार को हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में लीगल सेल की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने की। इस मौके पर मोर्चा लीगल सेल के प्रदेशाध्यक्ष अजय भुक्कल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने समाज में दबे कुचले एवं पिछड़े लोगों के हितों के लिए संविधान में प्रावधान किया, ताकि समाज के सभी लोग एक समान अधिकार पा सके। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके ही सविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साइज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## पुलिस को शिकायत देकर दर्ज करवाया केस

# वाट्सएप्प से विडियो रिकॉर्ड कर 29250 ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

गांव खोरड़ा निवासी एक व्यक्ति के पास वाट्सएप्प कॉल कर न्यूड लड़की द्वारा विडियो रिकॉर्ड करने व बाद में अन्य लोगों के साथ मिलकर व्यक्ति से डरा धमकाकर 29 हजार 250 रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। व्यक्ति ने चरखी दादरी साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खोरड़ा निवासी प्रदीप ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। उसके पास बीते 29 मार्च को एक वाट्सएप्प कॉल आई जिसमें एक न्यूड लड़की बात कर रही थी। उसके बाद 30 मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया जिसमे सामने वाले ने कहा कि वह क्राइम ब्रांचसे बात कर रहा है आपकी किसी लड़की के साथ तीन वीडियो कॉल रिकॉर्डिंग यू.ट्यूब पर पर वायरल हो रही है। आप अपनी वीडियो को यू.ट्यूब वालों के पास फोन करके हटवा लिजिए। उसके बाद उसके पास एक वाट्सएप विडियो कॉल आई जिसमें सामने वाला पुलिस की वर्दी में बात कर रहा था और अपने आम को पुलिस का अधिकारी बता रहा था। उसने कहा कि आपके तीन विडियो यू.ट्यूब पर वायरल हो रहे हैं इन्हें हटवा लिजिए और उसने इसके लिए एक मोबाइल नंबर भी दिया। जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर कॉल की तो सामने वाले ने वीडियो हटवाने के लिए 11 हजार 500 रुपये फीस बताई। उसके बाद उसने उसके कहे अनुसार 9750 रुपये भेज दिये। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उससे बार.बार रुपये मांगे व उसे डराया धमकाया जिसके चलते उसने 9750 रुपये तीन बार कुल 29250 रुपये भेज दिये। उसने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973